# उत्तर प्रदेश समसामयिकी

## 22nd January 2025

### विश्व का सातवां सबसे बड़ा कॉफ़ी उत्पादक बना भारत :

भारत अब वैश्विक स्तर पर सातवां सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक है, जिसका निर्यात वित्त वर्ष 2023-24 में 1.29 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। यह 2020-21 के 719.42 मिलियन डॉलर से लगभग दोगुना है ।

**मुख्य बिंदु :**




- जनवरी 2025 की पहली छमाही में भारत ने इटली, बेल्जियम और रूस सहित शीर्ष खरीदारों के साथ 9,300 टन से अधिक कॉफी का निर्यात किया।
- भारत के कॉफी उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा अरेबिका और रोबस्टा किस्म की कॉफी से होता है। इन्हें मुख्य रूप से बिना भुने बीन्स के रूप में निर्यात किया जाता है।
- भुनी हुई (रोस्टेड) और इंस्टेंट कॉफी जैसे उत्पादों की मांग बढ़ने से निर्यात में तेजी आई है।
- कैफे संस्कृति के बढ़ने, अधिक खर्च करने योग्य आय और चाय की तुलना में कॉफी को बढ़ती प्राथमिकता के कारण, भारत में कॉफी की खपत भी लगातार बढ़ रही है।
- यह प्रवृत्ति विशेष रूप से शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। कॉफी की घरेलू खपत 2012 में 84,000 टन से बढ़कर 2023 में 91,000 टन हो गई है।

**कर्नाटक कॉफी उत्पादन में सबसे अग्रणी**




- भारत की कॉफी मुख्य रूप से पारिस्थितिकी रूप से समृद्ध पश्चिमी और पूर्वी घाटों में उगाई जाती है, जो अपनी जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र हैं।
- कर्नाटक कॉफी उत्पादन में सबसे अग्रणी है, जिसने 2022-23 में 248,020 टन कॉफी उत्पादन का योगदान दिया। इसके बाद केरल और तमिलनाडु का स्थान है।

### अमेरिका WHO और पेरिस समझौता से बाहर हुआ:

ट्रम्प ने अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) से हटने से जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर भी दस्तखत किए।यह दूसरी बार है जब ट्रम्प ने WHO से हटने के आदेश दिए हैं।

**मुख्य बिंदु :**

- ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान कोरोना महामारी से निपटने के लिए WHO के उठाए कदमों की आलोचना की थी।
- इसके बाद उन्होंने अमेरिका को इस संगठन से बाहर निकलने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी हालांकि बाद में जो बाइडेन ने राष्ट्रपति बनते ही यह आदेश पलट दिया।
- अमेरिका WHO को सबसे ज्यादा फंडिंग करता है। 2023 में इस एजेंसी के बजट का 20% हिस्सा अमेरिका का था।
- ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका इस एजेंसी को बहुत ज्यादा पैसा देता है जबकि इसका ज्यादा फायदा दूसरे देश उठाते हैं।

**पेरिस एग्रीमेंट से बाहर हुआ अमेरिका:**

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को एक बार फिर से अमेरिका को पेरिस जलवायु समझौते से अलग कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं इस एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तुरंत हट रहा हूं।
- ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका को इस क्लाइमेट डील से अलग कर दिया था।
- ट्रम्प का मानना है कि जलवायु परिवर्तन एक तरह का धोखा है। ट्रम्प इस क्लाइमेट डील से अलग होकर अमेरिकी तेल कंपनियों को ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन की छूट देना चाहते हैं।
- ट्रम्प का कहना है कि चीन बेरोकटोक प्रदूषण फैला रहा है, अमेरिका अपने उद्योगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

## इसरो ने विकास इंजन को पुनः आरंभ करने की क्षमता का प्रदर्शन किया:

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने विकास लिक्विड इंजन के साथ अभूतपूर्व सफलता हासिल की है । इंजन पुनः आरंभ करने की क्षमताओं का सफल प्रदर्शन प्रक्षेपण वाहनों की पुनः प्रयोज्यता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**मुख्य बिंदु:**

- इसरो ने विकास इंजन को फिर से चालू करने का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया।
- इस परीक्षण में इंजन को 60 सेकंड के लिए चालू करना, 120 सेकंड के लिए बंद करना और फिर सात सेकंड के लिए फिर से चालू करना शामिल था।
- विकास इंजन ईंधन के रूप में अनसिमेट्रिकल डाइमेथिलहाइड्राजिन (यूडीएमएच) और ऑक्सीडाइज़र के रूप में नाइट्रोजन टेट्रॉक्साइड ($N_2O_4$) के संयोजन का उपयोग करके संचालित होता है। यह 725 kN का अधिकतम थ्रस्ट प्राप्त करता है।
- विकास इंजन का पहला थ्रॉटलिंग परीक्षण जनवरी 2023 में हुआ, जिसमें 43 सेकंड के लिए 67% थ्रस्ट स्तर प्राप्त किया गया।
- विकास इंजन इसरो द्वारा विकसित हाइपरगोलिक लिक्विड-फ्यूल रॉकेट इंजनों का एक समूह है।



- यह PSLV , GSLV और LVM3 सहित विभिन्न लॉन्च वाहनों के लिक्विड चरणों को शक्ति प्रदान करता है।

## चर्चित व्यक्तित्व : नियुक्तियां

**डोनाल्ड जॉन ट्रम्प:**

- डोनाल्ड जॉन ट्रम्प ने 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली
- ट्रंप को यह शपथ मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने दिलाई।
- यह दूसरा मौका था जब शपथ ग्रहण समारोह कैपिटल के बाहर के बजाय अंदर आयोजित किया गया।



- इससे पहले 1985 में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करते हुए अंदर शपथ ली थी।

## चर्चित प्रजातियाँ :

**झारखंड में बाइसन या गौर की आबादी में गिरावट**

- पलामू टाइगर रिजर्व (PTR) राज्य में इस प्रजाति का आखिरी आवास है।
- उनकी संख्या घटकर 50-70 रह जाने के बाद, झारखंड वन विभाग ने बाइसन की आबादी को पुनर्जीवित करने के लिए एक व्यापक अध्ययन शुरू किया है
- भारतीय बाइसन या गौर (बोस गौरस) दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता है।
  - IUCN लाल सूची : असुरक्षित
  - भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची
  - CITES: परिशिष्ट

## अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी :

- उत्तराखंड कैबिनेट ने राज्य में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने को मंजूरी दी।
  - उत्तराखंड राज्य कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता (UCC) नियमावली को मंजूरी दे दी है, जिससे राज्य में इसके लागू होने का रास्ता साफ हो गया है।
  - समान नागरिक संहिता यह सुनिश्चित करने का प्रयास करती है कि सभी नागरिक व्यक्तिगत संबंधों के मामलों में समान कानूनों के दायरे में शासित हों, जिससे समानता और न्याय को बढ़ावा मिले।

ONLYIAS BY PHYSICS WALLAH

- निकोबार जिले के वर्जिन नारियल तेल को प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्राप्त हुआ।
  - यह मान्यता इस उत्पाद को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
  - भारत में भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम, 1999 के तहत GI टैग दिया जाता है।

## विविध :

- चीन ने तियानशान शेंगली सुरंग का निर्माण को पूर्ण कर लिया, यह दुनिया की सबसे लंबी एक्सप्रेसवे सुरंग है।
  - तियानशान शेंगली सुरंग की लम्बाई 22.13 किलोमीटर है, यह एक्सप्रेसवे उत्तरी झिंजियांग के उरूमची को दक्षिणी युली काउंटी से जोड़ता है।

❍❍❍❍